# A

**19713** **120 MINUTES**

1. हिंदी साहित्य के आदिकाल को 'बीजवपनकाल' की संज्ञा किसने दी?
   A) महावीर प्रसाद द्विवेदी B) धीरेंद्र वर्मा
   C) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र D) राहुल सांकृत्यायन

2. 'हम्मीर रासो' के लेखक कौन हैं?
   A) भट्टकेदार B) नल्लसिंह C) जगनिक D) शार्ङगधर

3. आदिकालीन 'जैन काव्य' किस भाषा में लिखा जाता था?
   A) पाली B) अवधी C) अपभ्रंश D) संधा भाषा

4. 'आलवार' भक्तों की संख्या कितनी है?
   A) 9 B) 10 C) 11 D) 12

5. 'विशिष्टाद्वैतवाद' की स्थापना किसने की?
   A) रामानंद B) रामानुजाचार्य C) वल्लभाचार्य D) नाथमुनि

6. निम्नलिखित में रामानंद के शिष्य नहीं हैं-
   A) सुरसुरी B) रैदास C) नरहरि D) नाभादास

7. 'सत्यवती कथा' के लेखक कौन हैं?
   A) कुतुबन B) मंझन C) ईश्वरीदास D) मुल्ला दाऊद

8. 'माधवानल कामकंदला' के रचयिता कौन हैं?
   A) आलम B) नंददास C) घनानंद D) ईश्वरदास

9. माध्वाचार्य के दार्शनिक मतवाद का नाम है?
   A) विशिष्टाद्वैतवाद B) द्वैतवाद
   C) शुद्धाद्वैतवाद D) अद्वैतवाद

10. 'भूपरिक्रमा' किस भाषा में लिखी गई रचना है?
    A) अवहट्ट B) संस्कृत C) मैथिली D) प्राकृत

11. अष्टछाप के कवियों में शामिल विट्ठलनाथ के शिष्य कौन हैं?

A) गोविंद स्वामी, छीतस्वामी, चतुर्भुजदास, नंददास

B) गोविंद स्वामी, छीतस्वामी, कुंभनदास, नंददास

C) गोविंद स्वामी, परमानंददास, चतुर्भुजदास, नंददास

D) कृष्णदास, छीतस्वामी, चतुर्भुजदास, नंददास

12. "सूर के संयोग चित्रों में राधा-कृष्ण के शरीर, प्राण, मन, और आत्मा की एकता का वर्णन है" - यह आलोचनात्मक टिप्पणी किसकी है?

A) बच्चन सिंह B) मैनेजर पांडेय

C) रामचंद्र शुक्ल D) रामस्वरूप चतुर्वेदी

13. इनमें से कौन-सा युग्म संगत है ?

A) बीसलदेव रासो - नरपति नाल्ह

B) खुमाण रासो - जगनिक

C) वियजपाल रासो - चंदबरदाई

D) परमाल रासो - दलपत विजय

14. कौन सी विशेषता छायावाद की है?

A) वैयक्तिकता B) कल्पनाशीलता

C) भावातिरेक D) उपरोक्त सभी

15. इन सूचियों को सुमेलित कीजिए।

a) एक भूतपूर्व विद्रोही का आत्मकथन 1. त्रिलोचन

b) हरिजन गाथा 2. मुक्तिबोध

c) सहस्रदल कमल 3. भवानीप्रसाद मिश्र

d) सतपुड़ा के जंगल 4. नागार्जुन

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| A) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| B) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| C) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| D) | 2 | 1 | 4 | 3 |

16. इन सूचियों को सुमेलित कीजिए।

| | | | |
|---|---|---|---|
| a) | मज़दूरी और प्रेम | | 1. प्रेमचंद |
| b) | महाजनी सभ्यता | | 2. अशोक वाजपेयी |
| c) | कविता का देश | | 3. दिनकर |
| d) | अर्धनारीश्वर | | 4. सरदार पूर्ण सिंह |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| A) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| B) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| C) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| D) | 4 | 1 | 2 | 3 |

17. इन सूचियों को सुमेलित कीजिए।

| | | | |
|---|---|---|---|
| a) | समयांतर | | 1. विश्वनाथ प्रसाद तिवारी |
| b) | पहल | | 2. पंकज बिष्ट |
| c) | दस्तावेज़ | | 3. लीलाधर मंडलोई |
| d) | नया ज्ञानोदय | | 4. ज्ञानरंजन |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| A) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| B) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| C) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| D) | 1 | 2 | 4 | 3 |

18. महादेवी की रचनाओं को काल के आरोही क्रम में रखिए।

A) नीहार, रश्मि, नीरजा, सांध्यगीत

B) नीरजा, रश्मि, सांध्यगीत, नीहार

C) नीहार, नीरजा, रश्मि, सांध्यगीत

D) सांध्यगीत, रश्मि, नीरजा, नीहार

19. स्थापनाः (क) निराला की अधिकांश रचनाओं में राष्ट्रीय चेतना का भाव भरा पड़ा है।

तर्कः (ख) 'जागो फिर एक बार' कविता प्रगतिवादी चेतना से आप्लावित है।

A) (क) गलत (ख) सही B) (क) सही (ख) सही

C) (क) गलत (ख) गलत D) (क) सही (ख) गलत

20. स्थापनाः (क) छायावादी कविता स्थूल के प्रति सूक्ष्म का विद्रोह रहा है।

तर्कः (ख) छायावादी कविता में इतिवृत्तात्मकता का अभाव है।

A) (क) गलत (ख) सही B) (क) सही (ख) सही

C) (क) गलत (ख) गलत D) (क) सही (ख) गलत

21. इन सूचियों को सुमेलित कीजिए।

| | | | |
|---|---|---|---|
| a) | वे दिन | 1. | सुरेंद्र वर्मा |
| b) | कितने पाकिस्तान | 2. | कृष्णा सोबती |
| c) | मित्रो मरजानी | 3. | निर्मल वर्मा |
| d) | मुझे चांद चाहिए | 4. | कमलेश्वर |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| A) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| B) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| C) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| D) | 1 | 3 | 4 | 2 |

22. 'बिहारी' भाषा का संबंध किस अपभ्रंश से है?

A) ब्राचड़ B) शौरसेनी C) अर्धमागधी D) मागधी

23. निम्नलिखित में से कौन सा कथन गलत है ?

A) शिवपूजन सहाय मतवाला के संपादक थे।

B) मतवाला का प्रकाशन कोलकत्ता से होता था।

C) मतवाला एक साप्ताहिक पत्रिका थी।

D) मतवाला का प्रकाशन 1910 में प्रारंभ हुआ।

24. निम्नलिखित में से कौन सी प्रवृत्ति प्रेमाख्यान काव्य परंपरा की नहीं है?

A) मसनवी शैली का प्रयोग B) घोर श्रृंगारिकता

C) अवधी भाषा का प्रयोग D) खंडन-मंडन की प्रवृत्ति का अभाव

25. निम्नलिखित कथनों में गलत कौन सा है?

A) उर्वशी में कामाध्यात्म का चित्रण है।

B) दिनकर की कविता में ओज और वीर रस है।

C) उर्वशी गीति नाट्य पद्धति पर नहीं लिखा गया है।

D) रश्मिरथी कर्ण के जीवन पर आधारित है।

26. 'अथातो सौंदर्य जिज्ञासा' किसकी रचना है?

A) रमेश कुंतल मेघ B) रामस्वरूप चतुर्वेदी

C) धीरेंद्र वर्मा D) सत्यदेव मिश्र

27. 'उत्तर कबीर और अन्य कविताएँ' किसका कविता संकलन है?

A) परमानंद श्रीवास्तव B) केदारनाथ सिंह

C) अशोक वाजपेयी D) कुमार अंबुज

28. (क) स्थापनाः करुणा लोगों की श्रद्धा को अपनी ओर अधिक खींचती है।

(ख) तर्कः क्यों कि करुणा का विषय दूसरों का दुख नहीं है।

A) (क) सही (ख) गलत B) (क) गलत (ख) सही

C) (क) सही (ख) सही D) (क) गलत (ख) गलत

29. (क) स्थापनाः भारतेंदु हरिश्चंद्र का मूल स्वर देश भक्ति नहीं है।

(ख) तर्कः क्यों कि देश प्रेम की भावना तत्कालीन भारतीय समाज में नहीं थी।

A) (क) सही (ख) गलत B) (क) गलत (ख) सही

C) (क) सही (ख) सही D) (क) गलत (ख) गलत

30. (क) स्थापनाः कला की सर्जना आध्यात्मिक क्रिया है।

(ख) तर्कः आध्यात्मिकता और क्रिया दोनों अन्योन्याश्रित है।

A) (क) सही (ख) गलत B) (क) गलत (ख) सही

C) (क) सही (ख) सही D) (क) गलत (ख) गलत

31. साहित्येतिहास लेखन की विधि नहीं है-

A) आकारादि क्रम B) लेखकों का कालक्रम

C) रचनाओं का कालक्रम D) परिस्थिति-प्रवृत्ति मूलक क्रम

32. 'खालिकबारी' किसकी रचना है?

A) जायसी B) अमीर खुसरो C) रहीम D) रसखान

33. 'ताज महल के आंसू' किसका एकांकी है?

A) जैनेंद्र B) लक्ष्मीनारायण लाल

C) हरिकृष्ण प्रेमी D) भगवतीचरण वर्मा

34. निम्नांकित नाटकों को उनके नाटककारों के साथ सुमेलित करें।

a) कोर्ट मार्शल 1. भीष्म साहनी

b) इतिहास चक्र 2. प्रताप सहगल

c) अन्वेषक 3. स्वदेश दीपक

d) कबिरा खड़ा बाज़ार में 4. दयाप्रकाश सिन्हा

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| A) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| B) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| C) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| D) | 1 | 3 | 4 | 2 |

35. साहित्य अकादमी की स्थापना कब हुई?

A) 1951 B) 1952 C) 1953 D) 1954

36. ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता अमिताव घोष किस भाषा में साहित्य रचना करनेवाले हैं?

A) गुजराती B) हिंदी C) बंगाली D) अंग्रेज़ी

37. कालक्रम की दृष्टि से प्रेमचंद के उपन्यासों का सही अनुक्रम कौन सा है?

A) सेवासदन, कर्मभूमि, रंगभूमि, गोदान

B) सेवासदन, कर्मभूमि, गोदान, रंगभूमि

C) कर्मभूमि, सेवासदन, रंगभूमि, गोदान

D) गोदान, कर्मभूमि, रंगभूमि, सेवासदन

38. 'समय सरगम' किसका उपन्यास है?

A) श्रीलाल शुक्ल B) कमलेश्वर

C) कृष्णा सोबती D) राही मासूम रज़ा

39. 'हिंदी नवरत्न' किस कोटि की रचना है?

A) समीक्षा B) कविता C) संस्मरण D) इतिहास

40. 'वियोगी हरि' का वास्तविक नाम क्या है?

A) हरिशंकर द्विवेदी B) हरगोविंद द्विवेदी

C) हरिप्रसाद द्विवेदी D) हरचरण द्विवेदी

41. भारतेंदु के प्रथम अनूदित नाटक का नाम लिखिए।

A) विद्यासुंदर B) पाखंड विडंबन

C) धनंजय विजय D) कर्पूरमंजरी

42. 'उसने कहा था' कहानी का प्रकाशन कब हुआ?

A) 1914 B) 1915 C) 1916 D) 1917

43. 'ग्यारह वर्ष का समय' किसकी कहानी है?

A) रामचंद्र शुक्ल B) किशोरीलाल गोस्वामी

C) भगवान दास D) चंद्रधर शर्मा गुलेरी

44. मैथिली शरण गुप्त का ऐतिहासिक खंडकाव्य कौन सा है?

A) शकुंतला B) जयद्रथ वध C) पंचवटी D) रंग में भंग

45. निम्नलिखित रचनाओं में कौन-सी रचना राम नरेश त्रिपाठी की नहीं है?

A) पथिक B) किसान C) स्वप्न D) मानसी

46. 'कछुआ धर्म' किसके द्वारा लिखा गया निबंध है?

A) चंद्रधर शर्मा गुलेरी B) श्यामसुंदर दास
C) सरदार पूर्ण सिंह D) बद्रीनारायण चौधरी 'प्रेमघन'

47. 'ज्ञानराशि के संचित कोश ही का नाम साहित्य है।' - यह किसका कथन है ?

A) भारतेंदु B) महावीर प्रसाद द्विवेदी
C) बालकृष्ण भट्ट D) हज़ारीप्रसाद द्विवेदी

48. 'भारतीय भाषा परिषद' की मासिक पत्रिका का नाम क्या है ?

A) वागर्थ B) पक्षधर C) पहल D) प्रतिमान

49. 'गायब होता देश' - यह किस विधा की रचना है?

A) कहानी B) उपन्यास C) यात्रावृत्त D) कविता

50. 'शिकंजे का दर्द' किसकी आत्मकथा है ?

A) दया पवार B) श्यौराज सिंह बेचैन
C) मोहनदास D) सुशीला टाकभौरे

51. 'जंगल की हकदारी' किसकी रचना है?

A) अभय कुमार दुबे B) धीरूभाई सेठ
C) कमल नयन चौबे D) भगवानदास मोरवल

52. 'तुम्हारी निष्ठा क्या होती' किसका काव्य संग्रह है?

A) कंवल भारती B) ओमप्रकाश वाल्मीकि
C) जयप्रकाश कर्दम D) मोहनदास नैमिशराय

53. रस की अनुमितिवादी व्याख्या किसने की?

A) भट्टशंकुक B) भट्टतौत C) भट्टनायक D) अभिनवगुप्त

54. 'अस्तित्ववादी दर्शन' के प्रमुख व्याख्याकार रहे हैं?

A) हाईडेगर B) टी.एस इलियट
C) क्लीन्थ ब्रूक्स D) फ्रेडरिक स्लेगल

55. 'नई समीक्षा' का प्रादुर्भाव किस देश में हुआ?

A) अमेरिका B) रूस C) फ्रांस D) इटली

56. 'प्रथम स्वच्छंदतावादी आलोचक के रूप में किसको माना जाता है?

A) कुंतिलियन B) दांते C) लोंगिनुस D) स्कोट जेम्स

57. 'स्क्रूटिनी' पत्रिका के संपादक थे-

A) एफ. आर. लीविस B) आई.ए. रिचाड्स

C) टी.एस इलियट D) एजरा पाऊंड

58. 'विखंडनवाद' के प्रवर्तक कौन हैं?

A) मैथ्यु आर्नल्ड B) इलियट

C) देरिदा D) कामू

59. दंत्योष्ठ्य ध्वनि कौन सी है?

A) प B) र C) फ D) व

60. 'सिद्धौषधि' की संधि क्या है?

A) गुण संधि B) अयादि C) द्वित्व संधि D) दीर्घ

61. स्वयंभू कृत 'पउमचरिउ' की विषयवस्तु किससे संबद्ध है?

A) रामकथा B) कृष्णकथा C) लोककथा D) जातकथा

62. पृथ्वीराज रासो में सर्ग को क्या कहा गया है?

A) अध्याय B) समय C) खण्ड D) प्रकरण

63. 'तोता-ए-हिन्द' किसे कहा जाता है?

A) मुल्ला दाऊद B) विद्यापति

C) अमीर खुसरो D) अब्दुर्रहमान

64. हिन्दी साहित्येतिहास की 'नींव का पत्थर' किसे माना गया है?

A) इस्तबार द ला लितरेत्युर ऐंदुई ए ऐंदुस्तानी

B) द मार्डन वर्नाक्यूलर लिटरेचर आफ़ हिन्दुस्तान

C) शिवसिंह सरोज

D) मिश्रबन्धु विनोद

65. पुनर्जागरण आन्दोलन और हिन्दी साहित्य के विकास में निम्न में से सर्वप्रथम योगदान किस संस्था का रहा ?

A) आर्यसमाज B) फोर्ट विलियम कॉलेज

C) थियोसोफिकल सोसाइटी D) ब्रहमसमाज

66. सिद्ध कवियों की भाषा का विकास अपभ्रंश के किस रूप से हुआ है ?

A) नागर B) पैशाची C) अर्धमागधी D) महाराष्ट्री

67. हिन्दी के उद्भव का सही अनुक्रम है -

A) पालि, प्राकृत, अपभ्रंश, हिन्दी

B) प्राकृत, पालि, अपभ्रंश, हिंदी

C) अपभ्रंश, पालि, प्राकृत, हिंदी

D) पालि, अपभ्रंश, प्राकृत, हिंदी

68. 'एक ध्वनि, एक लिपि चिह्न' किस लिपि की विशेषता है?

A) गुरुमुखी B) ब्राह्मी C) देवनागरी D) खरोष्ठी

69. अ-कहानी के प्रमुख प्रवक्ता हैं -

A) महीपसिंह B) गंगा प्रसाद विमल

C) राकेशवत्स D) कमलेश्वर

70. इनमें से तत्सम शब्द का चयन कीजिए -

A) दुग्ध B) दिन C) बाहर D) जमुना

71. इनमें स्त्रीलिंग शब्द कौन सा है?

A) पुराण B) पोथी C) काव्य D) ग्रंथ

72. 'तुम्हारा विश्वास मैं नहीं करूँगा तो कौन करेगा' - उपर्युक्त वाक्य में सर्वनाम-पदों की संख्या कितनी है?

A) 1 B) 2 C) 3 D) 4

73. 'निर्गुण' का संधि-विच्छेद होगा-

A) निर + गुण B) नि + गुण

C) निः + गुण D) नीर + गुण

74. निम्नलिखित में से किसकी व्रजभाषा मराठी से प्रभावित है?

A) कबीर B) रैदास

C) दामोदर शर्मा D) नामदेव

75. "दुःख ही जीवन की कथा रही,
क्या कहूं आज जो नहीं कहीं" - किस कवि की पंक्ति है ?

A) जयशंकर प्रसाद B) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला

C) सुमित्रानन्दन पंत D) महादेवी वर्मा

76. हिन्दी का पहला साप्ताहिक 'उदन्त मार्ताण्ड' कहाँ से प्रकाशित हुआ था ?

A) वारणासी B) कलकत्ता C) इलाहाबाद D) लखनऊ

77. राजस्थान की साहित्यिक भाषा को कहते हैं -

A) पिंगल B) डिंगल

C) (A) और (B) दोनों D) इनमें से कोई नहीं

78. 'खड़ीबोली' शब्द का सर्वप्रथम उल्लेख किसने किया ?

A) इंशाअल्ला खां B) लल्लूजीलाल

C) सदल मिश्र D) सदा सुखलाल

79. 'आदिवासी अस्मिता का संकट' - शीर्षक ग्रंथ के रचनाकार हैं -

A) रमणिका गुप्ता B) हरिराम मीणा

C) देवेन्द्र गोलदार नेगी D) सुश्री शरद सिंह

80. खडीबोली को 'कौरवी' किसने कहा?

A) ग्रियर्सन B) गिलक्राईस्ट

C) हरदेव बाहरी D) राहुल सांकृत्यायन

81. 'नागरी लिपि सुधार समिति' के संयोजक थे -

A) आचार्य नरेन्द्रदेव B) काका कालेलकर

C) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र D) बाबू श्याम सुन्दर दास

82. 'आवारा मसीहा' किसके जीवन पर आधारित है?

A) शरतचन्द्र B) बंकिम चन्द्र

C) रवीन्द्रनाथ टैगोर D) विभूतिभूषण बन्दोपाध्याय

83. 'अनुवाद सिद्धांत एवं प्रयोग' ग्रंथ के रचयिता कौन है ?

A) डॉ. मणिक मृगेश B) डॉ. ओम प्रकाश सिंहल

C) डॉ. जी. गोपीनाथन D) डॉ. एन. ई. विश्वनाथ अय्यर

84. जन्मकाल के अनुसार निम्न कवियों का सही अनुक्रम है -

A) अज्ञेय, बच्चन, रघुवीर सहाय, मुक्तिबोध

B) बच्चन, अज्ञेय, मुक्तिबोध, रघुवीर सहाय

C) अज्ञेय, बच्चन, मुक्तिबोध, रघुवीर सहाय

D) रघुवीर सहाय, बच्चन, मुक्तिबोध, अज्ञेय

85. अभयदेव का वास्तविक नाम क्या था?

A) अय्यप्पन पिल्लै  B) माधवनपिल्लै

C) वासुदेवन पिल्लै  D) कुट्टन पिल्लै

86. मछुआरों के जीवन पर आधारित मलयालम भाषी हिंदी विद्वान डॉ. एन. रामन नायर की औपन्यासिक रचना कौन सी है ?

A) वरुण के बेटे  B) सागर की गलियाँ

C) चेम्मीन  D) सागर, लहरें और मनुष्य

87. यदि अ, आ के बाद इ, ई, उ, ऊ, ऋ आएँ तो क्रमशः 'ए', 'ओ', 'अर्' - में परिवर्तित हो जाते हैं । - उपर्युक्त परिभाषा किस संधि की है ?

A) यण्  B) गुण  C) वृद्धि  D) आयादि

88. केरल की सर्वप्रथम प्रकाशित हिंदी पत्रिका कौन सी थी?

A) युगप्रभात  B) हिंदी मित्र

C) संग्रथन  D) केरल ज्योति

89. 'कबीर मन निरमल भया, जैसे गंगा नीर' - की भाषा है -

A) मेवाती  B) मैथिली

C) खडी बोली  D) छत्तीसगढ़ी

90. अं, अः को आयोगवाद किसने कहा है?

A) किशोरीदास वाजपेई  B) ग्रयेर्सन

C) शिवप्रसाद सितारे हिन्द  D) कामता प्रसाद गुरु

91. निम्नलिखित हिंदी साहित्यकारों में से कौन पंजाब के निवासी नहीं है ?

A) यशपाल  B) श्रद्धाराम फुल्लौरी

C) उपेन्द्रनाथ अश्क  D) फ़णीश्वरनाथ रेणु

92. संविधान के किस अनुच्छेद के अनुसार - संघ की राजभाषा हिंदी और लिपि देवनागरी होगी?

A) अनुच्छेद 343  B) अनुच्छेद 344

C) अनुच्छेद 345  D) अनुच्छेद 346

93. निम्न में से सही वर्तनी छाँटकर लिखिये -

A) त्रिमूर्ती  B) त्रिमुर्ति  C) त्रिमूर्ति  D) तृमूर्ति

94. "बहती गंगा में हाथ धोना" - इस मुहावरे का क्या अर्थ है?

A) अधिकाधिक उन्नति होना

B) अवसर का फ़ायदा उठाना

C) असंभव काम को संभव बनाना

D) बहुत परिश्रम करना

95. किस लोकोक्ति का अर्थ 'बिना परिश्रम के सफलता नहीं मिलती' होगा?

A) नौ दिन चले अढ़ाई कोस B) जिन खोजा तिन पाइयाँ गहरे पानी पैठ

C) बालू से तेल निकालना D) डूबते को तिनके का सहारा

96. 'चरण-कमल बन्दौ हरिराई' - पंक्ति में कौन सा अलंकार है?

A) उपमा B) रूपक C) श्लेष D) अतिशयोक्ति

97. "एक कबूतर देख हाथ में पूछा कहाँ अपर है ?
उसने कहा अपर कैसा? वह उड़ गया सपर है।" - कौन सा अलंकार है?

A) सन्देह B) श्लेष C) वक्रोक्ति D) विशेषोक्ति

98. जब स्वरों के उच्चारण में वायु मुख के साथ-साथ नासिका से भी निकलती है तो उन स्वरों को कौन-सा स्वर कहते हैं?

A) नासिक्य B) विसर्ग C) अनुनासिक D) दीर्घ

99. मुंशी आयंगार फॉर्मुले से विख्यात अनुच्छेद हैं -

A) प्रथम, द्वितीय तथा सातवीं अनुसूची

B) अनुच्छेद 14 से 18 तक

C) संविधान के भाग 17 में अनुच्छेद 343 से 351 तक

D) अनुच्छेद 19 से 22 तक

100. रीतिबद्ध काव्यधारा के कवि कौन हैं?

A) बिहारी B) सेनापति C) चिंतामणि D) घनानन्द

101. हिन्दी के आदिकाल को 'सिद्ध सामंत युग' नाम किसने दिया?

A) आचार्य विश्वनाथ प्रसाद मिश्र B) महापंडित राहुल सांकृत्यायन

C) पंडित हज़ारी प्रसाद द्विवेदी D) डॉ. राम शंकर शुक्ल 'रसाल'

102. 'भक्ति द्राविड़ी ऊपजी लाए रामानंद' - उक्ति किसकी है?

A) रामानंद B) तुलसी C) कबीर D) केशव

103. मधुमालती के रचयिता कौन हैं ?

A) मंझन B) कुतुबन

C) मुल्ला दादऊद D) मुल्ला वजही

104. सूफी मत में वर्णित साधक की चार अवस्थाओं - शरीअत, तरीकत, मारिफत, हकीकत की भारतीय भक्ति मार्ग के साथ सही क्रम में संगति क्या होगी?

A) आचरण, उपासना, सिद्धावस्था, सत्यबोध

B) उपासना, सिद्धावस्था, आचरण, सत्यबोध

C) सत्यबोध, उपासना, आचरण, सिद्दावस्था

D) आचरण, सत्यबोध, सिद्धावस्था, उपासना

105. 'चौरासी वैष्णवन की वार्ता' - का लेखक कौन थे?

A) विट्वल स्वामी B) गोकुलनाथ C) नंददास D) कुंभनदास

106. सूरदास द्वारा रचित 'भ्रमर गीत' श्रीमद्भागवत् के किस स्कंध पर आधारित है?

A) नवम् B) दशम् C) एकादश D) द्वादश

107. रामचरितमानस में कितने सर्ग (काण्ड) हैं?

A) ग्यारह B) नौ C) सात D) पाँच

108. 'तुम चंदन हम पानी' के लेखक हैं -

A) विवेकीराय B) विद्यानिवास मिश्र

C) शरदजोशी D) रमेशचन्द्र शाह

109. 'वाद विवाद संवाद' किसकी रचना है ?

A) रामविलास शर्मा B) डॉ. नामवरसिंह

C) डॉ. नगेन्द्र D) नंददुलारे वाजपेई

110. 'स्वर्ग की विचार सभा' निबंध कृति के लेखक हैं -

A) राधाचरण गोस्वामी B) भारतेन्दु

C) श्रीनिवास दास D) प्रेमघन

111. इनमें कौन सी कहानी चतुर्सेन शास्त्री की है?

A) ग्यारह वर्ष का समय

B) एक टोकरी भर मिट्टी

C) दुखवा मैं कासों कहूँ मोरी सजनी

D) बुद्धु का कांटा

112. 'अतिथि देवो भव' कहानी के रचनाकार हैं -

A) प्रभात रंजन B) रणेन्द्र

C) अब्दुल बिस्मिल्लाह D) रमेशचन्द्र शाह

113. इनमें कौन सी कहानी उदय प्रकाश की नहीं है ?

A) और अंत में प्रार्थना B) पाल गोमरा का स्कूटर

C) दत्तात्रेय का दुःख D) ज़िंदगी और जोंक

114. डेफोडिल जल रहे हैं - किसकी कहानी है?

A) मृदुला गर्ग B) चित्रामुदगल

C) मेहरुन्नीसा परवेज़ D) मैत्रेयी पुष्पा

115. "तुम्हारी देह
मुझको कनक चंपे की कली है
दूर से ही स्मरण में भी गंध देती है।" - इन पंक्तियों में कौन सा बिम्ब है?

A) स्पर्श B) घ्राण C) श्रव्य D) दृश्य

116. कला के संदर्भ में यथार्थवाद (Realism) शब्द का प्रयोग सबसे पहले किसने अपने चित्रों की प्रदर्शिनी में किया था?

A) कार्वे B) बाल्ज़ाक C) टालस्टाय D) गार्की

117. 'On the subline' किसकी पुस्तक है ?

A) लोंजाइनस B) प्लेटो C) आ.ए रिचार्डस् D) गोइथे

118. कालरिज की रचना है -

A) पेरिपोइएतिकेस (ऑन पोएटिक्स)

B) बायोग्रफिया लिटरेरिया

C) दि फाउस्ट

D) लिरिकल बैलड्स

119. "अनुवाद स्रोतभाषा की पाठ्य सामग्री को सिद्ध लक्ष्य भाषा की समतुल्य पाठ्य सामग्री द्वारा प्रतिस्थापन है।" - यह किसकी परिभाषा है ?

A) सिड्नी B) डॉ. जॉनसन C) कैटफोर्ड D) यूजिन नीडा

120. Reservation केलिए समानार्थी हिन्दी पारिभाषिक शब्द कौन सा है -

A) अनुरक्षण B) आरक्षण C) संरक्षण D) परिरक्षण